# राजकीय कृषि प्रबन्धन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान मशोबरा, जिला शिमला के लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन
## अवधि 4/2015 से 3/2016

## भाग–एक

### 1 गत अंकेक्षण प्रतिवेदन

गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के अनिर्णीत पैरों पर की गई कार्रवाई के सत्यापन के उपरान्त पैरों की नवीनतम स्थिति निम्न प्रकार से पाई गई।

**(क) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2005 से 3/2006**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पैरा संख्या 7 | अनिर्णीत | |

**(ख) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2014 से 3/2015**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पैरा संख्या 3 | निर्णीत | (अंकेक्षण शुल्क चालान नं0 13, दिनांक 15.9.2015 द्वारा जमा) |
| 2 | पैरा संख्या 4 | निर्णीत | (वित्तीय स्थिति पुनः प्रारूपित तथा बैंक द्वारा अधिक भुगतान की गई ₹40 खाते में जमा कर दी गई) |
| 3 | पैरा संख्या 5 | निर्णीत | (पुनः प्रारूपित) |
| 4 | पैरा संख्या 6 | निर्णीत | (पैरा वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में समाविष्ट किया गया है) |
| 5 | पैरा संख्या 7 | निर्णीत | (₹898 दिनांक 23.4.2016 को निधि में जमा कर दी गई) |

## भाग–दो

### 2 वर्तमान अंकेक्षण

राजकीय कृषि प्रबन्धन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान, मशोबरा के अवधि 4/2015 से 3/2016 के लेखाओं का वर्तमान अंकेक्षण, जिसके परिणाम अनुवर्ती पैरों में दिए गए हैं, श्री हरदेव सिंह शांडिल, अनुभाग अधिकारी द्वारा दिनांक 22.4.2016 से 23.4.2016 के दौरान राजकीय कृषि प्रबन्धन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान के मशोबरा कार्यालय में किया गया। आय की विस्तृत जांच के लिए माह 8/2015 तथा व्यय की विस्तृत जांच के लिए माह 9/2015 का चयन किया गया।

यह अंकेक्षण प्रतिवेदन संस्था द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेखों के आधार पर तैयार किया गया है। उक्त संस्था द्वारा कोई सूचना उपलब्ध न करवाने अथवा गलत सूचना उपलब्ध करवाने के कारण पाई गई अनियमितताओं के लिए स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

## 3 अंकेक्षण शुल्क

संस्था के अवधि 4/2015 से 3/2016 के लेखाओं के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क ₹2000 बनता है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश शिमला–171009 को भेजने हेतु अनुभाग अधिकारी की अधियाचना संख्याः शून्य, दिनांक 23.4.2016 द्वारा निदेशक राजकीय कृषि एवं प्रबन्धन विस्तार प्रशिक्षण संस्थान समिति मशोबरा से अनुरोध किया गया।

## 4 वित्तीय स्थिति

**(क)** राजकीय कृषि प्रशिक्षण एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान मशोबरा द्वारा प्रस्तुत संस्थान की अवधि 4/2015 से 3/2016 की वित्तीय स्थिति का विवरण निम्न प्रकार से है।

| | Income from SAMETI Grant-In-Aid Fund | Income from Other Fund | Total |
|---|---|---|---|
| Opening Balance | 231781 | 3500000 | 3731781 |
| Receipts | 5295000 | 43087183 | 48382183 |
| Interest Income | 39336 | 0 | 39336 |
| Total | 5566117 | 46587183 | 52153300 |
| Expenditure | 5524957 | 46563142 | 52088099 |
| Balance | 41160 | 24041 | 65201 |

**(ख)** Bank Reconciliation Statement as on 31.3.2016

Balance as per cash book **65201**

Add:- Cheque issued but yet not presented for payment

| Cheque No. | Date | Amount | |
|---|---|---|---|
| 841654 | 31.3.2016 | 100805 | |
| 841661 | 31.3.2016 | 7944 | |
| 841662 | 31.3.2016 | 61169 | |
| 841656 | 31.3.2016 | 3845 | |
| 841659 | 31.3.2016 | 82075 | **(+)255838** |
| | | **Total** | **321039** |

Balance as per Pass Book (Indian Bank Account No. 554962434 **321039**

## 5 समिति की रोकड़ वही का बैंक खाते से समय–समय पर मिलान न करना

लेखा परीक्षा के दौरान पाया गया कि समिति की रोकड़ वही के शेष का बैंक खाते से समय–समय पर मिलान नहीं किया, जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा भविष्य में प्रत्येक माह के अन्त में रोकड़ वही के शेष का बैंक खाते से नियमित रूप से मिलान किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 6 सहायता अनुदान

राजकीय कृषि प्रबन्धन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान मशोबरा को हिमाचल प्रदेश सरकार से वित्तीय वर्ष 2015–16 में ₹5295000 सहायता अनुदान के रूप में प्राप्त हुई, जिसका विवरण **परिशिष्ट "क"** में दिया गया तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र **परिशिष्ट "ख"** पर संलग्न है।

## 7 हिमाचल प्रदेश सरकार तथा केन्द्र सरकार से अन्य निधियों की अन्य उद्धेश्यों हेतु अनुदानों के रूप में प्राप्त ₹43087183 को समिति की रोकड़ वही व बैंक खाते में दर्शाने बारे

समिति की रोकड़ वही में वित्तीय वर्ष 2015–16 प्रारम्भ में अन्य शीर्ष के अन्तर्गत अन्य उद्धेश्य हेतु प्राप्त अनुदान की राशि का आरम्भिक शेष ₹3500000 का था तथा वित्तीय वर्ष 2015–16 में अन्य शीर्ष के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश सरकार तथा केन्द्र सरकार से अन्य उद्धेश्यों हेतु ₹43087183 प्राप्त हुई। इस प्रकार समिति के पास प्राप्त इन शीर्ष के अन्तर्गत कुल राशि (3500000+43087183=46587183) में से ₹46563142 वित्तीय वर्ष में ही सम्बन्धित निधियों में जमा कर दी गई तथा शेष ₹24041 दिनांक 31.3.2016 तक भी सम्बन्धित निधियों में हस्तांतरित नहीं की गई थी। इस प्रकार समिति की निधि की रोकड़ वही में अन्य निधियों के शीर्षों के अन्तर्गत अनुदान की राशि जमा करने के कारण समिति की रोकड़ वही/बैंक खातों में जमा राशि समिति के लेखाओं की सही स्थिति परिलक्षित नहीं करती है। अतः सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में समिति निधि की रोकड़ वही व बैंक खाते में समिति के अनुदानों के अतिरिक्त अन्य उद्धेश्य हेतु प्राप्त निधियों की राशि को जमा न किया जाए तथा अन्य उद्धेश्यों हेतु प्राप्त अनुदानों का लेखा–जोखा सम्बन्धित रोकड़ वहियों में ही किया जाना सुनिश्चित किया जाए, क्योंकि अन्य उद्धेश्यों हेतु प्राप्त अनुदानों के लिए समिति द्वारा अलग से निधियों की रोकड़ वहियों का रख–रखाव भी किया गया है।

## 8 संस्था के कोरपस फण्ड से दिए गए ऋण के लिए रजिस्टर का रख–रखाव न किया जाना

राजकीय कृषि प्रबन्धन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान, मशोबरा द्वारा वर्ष 2015–16 के दौरान स्थापना खर्चों इत्यादि के लिए संस्थान की कोरपस निधि से समय–समय पर ऋण दिया गया, जिनमें से सभी ऋण की राशि वापिस भी कर दी गई, परन्तु ऋण के लिए संस्था द्वारा किसी भी प्रकार के रजिस्टर का रख–रखाव नहीं किया गया था, जिसके अभाव में उक्त ऋणों के रख–रखाव में अनियमितता की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। अतः ऋण के लिए एक पृथक रजिस्टर का रख–रखाव किया जाए, जिसमें संस्था द्वारा दी गई ऋण की राशि व

दिनांक  तथा वापिस की गई राशि तिथि सहित दर्शाई जानी सुनिश्चित की जाए तथा अनुपालना से इस विभाग को अवगत किया जाए।

9 **लघु आपत्ति विवरणिकाः—** इसे अलग से जारी नहीं किया गया।

10 **निष्कर्ष :—** लेखाओं के रख—रखाव में सुधार की आवश्यकता है।

हस्ता / —
उप निदेशक
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला—171009.

पृष्ठांकन सं0 :फिन(एल0ए0)एच(2)सी(15)(14) 219 / 03, खण्ड—2—4071—4072, दिनांक 16.07.2016, शिमला—171009

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है :—

**पंजीकृत** 1 निदेशक, राजकीय कृषि एवं प्रबन्धन विस्तार प्रशिक्षण संस्थान समिति मशोबरा हि0प्र0 को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर उचित कार्रवाई करके सटिप्पण उत्तर एक माह के भीतर इस विभाग को प्रेषित करें।

2 निदेशक, (कृषि) हि0प्र0 शिमला—5 को सूचनार्थ प्रेषित है।

हस्ता / —
उप निदेशक
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला—171009.